Azadi Ka Amrit Mahotsav

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# PRESS RELEASE

**30/08/2022 PAN INDIA**

## एलआईसी -66 वर्ष - मूल्य बनाना और विश्वास बनाए रखना

भारतीय जीवन बीमा निगम, एक प्रमुख वित्तीय समूह, जोकि 14 देशों में विद्यमान है, 1 सितंबर 2022 को अपने अस्तित्व के 67 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

देश के एक प्रमुख वित्तीय संस्थान, के रूप में इसने सभी बीमा योग्य लोगों तक सस्ती कीमत पर जीवन बीमा के संदेश को प्रचारित करने में अत्यधिक योगदान दिया है।

1956 में 5 करोड़ रुपये की शुरुआती पूंजी के साथ शुरुआत करते हुए, एलआईसी के पास आज 37,35,759 करोड़ रुपये के लाइफ फंड के साथ 42,30,616 करोड़ रुपये का परिसंपत्ति आधार है। बीमा क्षेत्र को खोले जाने के दो दशकों के बावजूद, कंपनी बाजार में अग्रणी बनी हुई है और पहले वर्ष की प्रीमियम आय में 63.25% और पॉलिसियों की संख्या में 74.62% बाजार हिस्सेदारी रखती है। वर्ष 2021- 2022 के दौरान, एलआईसी ने 2.17 करोड़ नई पालिसियां बेचीं और 31 मार्च, 2022 तक 1.98 लाख करोड़ रुपये की राशि एकत्र करके प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय के मामले में 7.92% की वृद्धि दर्ज की। हमारे पेंशन और समूह सेवानिवृत्ति व्यवसाय वर्टिकल ने न्यू बिजनेस प्रीमियम आय के रूप में रु.1,43,938 करोड़ एकत्रित करके लगातार तीन वर्षों तक एक ट्रिलियन का आंकड़ा पार किया। चालू वर्ष में भी एलआईसी के पास प्रथम वर्ष के प्रीमियम में 64.96% बाजार हिस्सेदारी है। 2021-2022 में, एलआईसी ने 1,92,568 करोड़ रुपये के 267.23 लाख दावों का निपटारा किया।
अपने 8 जोनल कार्यालयों, 113 मंडल कार्यालयों, 74 ग्राहक क्षेत्रों, 2048 शाखा कार्यालयों, 1564 सैटेलाइट कार्यालयों, 44900 प्रीमियम पॉइंट्स और लाइफ प्लस कार्यालयों के माध्यम से, एक लाख से अधिक कर्मचारियों, 13.26 लाख एजेंटों द्वारा ग्राहकों को हमारी सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया जाता है। . इसके अलावा, एलआईसी ने उत्पादकता और पहुंच बढ़ाने के लिए 74 बैंकों के साथ साझेदारी की है। एलआईसी का एक प्रभावशाली वितरण चैनल है जो व्यवसाय में गुणात्मक और मात्रात्मक सुधार प्रदान करता है।

एलआईसी के पास 31.03.2022 तक व्यक्तिगत व्यवसाय के तहत बिक्री के लिए 33 योजनाओं का एक गुलदस्ता है। प्रत्येक योजना बंदोबस्ती बीमा, सावधि बीमा, बाल बीमा, वार्षिकी, सूक्ष्म बीमा, स्वास्थ्य बीमा और यूनिट-लिंक्ड उत्पादों सहित समाज के विभिन्न वर्गों की आवश्यकताओं के अनुरूप है। बदलती जरूरतों के अनुसार इष्टतम उत्पाद प्रदान किए जाते हैं। एलआईसी ने दो नई योजनाएं एलआईसी की बीमा रत्न तथा एल आई सीकी धन संचय चालू की है। आधार स्तंभ, आधार शिला तथा पेंशन योजनाओं, जीवन अक्षय VII (प्लान 857), जीवन शांति (प्लान 858) और सरल पेंशन (प्लान 862) संशोधित किया है| कुशल तरीके से पालिसी सेवा की सर्विसिंग की सुविधा के लिए, एलआईसी ने समय के साथ तालमेल रखते हुये नवीनतम तकनीकों को अपनाया है। पॉलिसीधारक अपने प्रीमियम का भुगतान विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से कर सकते हैं। डिजिटल पहल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाते हुये जीवन लक्ष्य नामक मोबाइल ऐप विकसित किया है जिससे पेंशन पालिसीधारकों को अस्तित्व प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में सुविधाहोगी|

एलआईसी गोल्डन जुबली फाउंडेशन, जोकि वर्ष 2006 में स्थापित किया गया था,, निगम के सामुदायिक विकास पहल को पूरा करता है और गरीबी या संकट से राहत, शिक्षा की उन्नति, चिकित्सा राहत जैसे जन सामान्य के किसी अन्य उद्देश्य की उन्नति पर ध्यान केंद्रित करने वाले सरोकारों के लिए लाभ करता है | फाउंडेशन ने स्थापना के बाद से, 31.03.2022 तक उपरोक्त कार्यों के लिए समर्पित गैर सरकारी संगठनों का 646 परियोजनाओं को प्रायोजित करके, समर्थन किया है।

एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी होने के अलावा, एलआईसी एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त वित्तीय समूह है जिसकी उपस्थिति चौदह देशों में है। इसने अपनी सहायक कंपनियों और सहयोगियों जैसे एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, एलआईसी पेंशन फंड लिमिटेड, एलआईसी म्यूचुअल फंड और एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, एलआईसी कार्ड्स सर्विसेज लिमिटेड, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, एलआईसीएचएफएल केयर होम लिमिटेड, एलआईसीएचएफएल फाइनेंशियल सर्विसेज के माध्यम से अन्य वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में भी कदम रखा है।

वर्ष के दौरान निगम को ग्राहक सेवा, दावा सेवा, प्रौद्योगिकी, डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्रों में विभिन्न पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं। उनमें से कुछ प्रमुख नीचे सूचीबद्ध हैं:

- फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियों में 98वां स्थान।
- रीडर्स डाइजेस्ट विश्वसनीय ब्रांड श्रेणी बीमा (जीवन)
- तीन श्रेणियों में बीएफएसआई में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार अर्थात् वर्ष की बीमा कंपनी, डिजिटल मार्केटिंग डिजिटल विज्ञापन पुरस्कार और दावा सेवा में अग्रणी
- दो श्रेणियों में फिक्की बीमा उद्योग पुरस्कार-विशेष जूरी पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ बीमा अभियान-जीवन श्रेणी
- विश्व बीएफएसआई कांग्रेस द्वारा पुरस्कार 5 श्रेणियों में नामित पुरस्कृत- वर्ष की बीमा कंपनी , ग्राहक सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार , दावा सेवा में उत्कृष्टता, वर्ष की प्रौद्योगिकी पहल 'जीवन साक्ष्य और वर्ष की संचालन उत्कृष्टता पहल 'आनंदा'

इस वर्षगांठ पर, हम अपने पॉलिसीधारकों, हितधारकों, शेयरधारकों और निवेशकों को उनके अटूट विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। हम अपने आदर्श वाक्य "योगक्षेमं वहम्याहं" को जीते हैं। (आपकी भलाई हमारी जिम्मेदारी है)।

30 अगस्त, 2022 को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें :
कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई ।
ईमेल आईडी : ed_cc@licindia.com

---

We believe that the news contained in this release is of value to your readers. While we would thank you to publish it as soon as possible, we also readily recognize that the decision to do so rests entirely with you.